भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग
विकास आयुक्त का कार्यालय
नोएडा विशेष आर्थिक क्षेत्र
नोएडा दादरी रोड, फेस –II, नोएडा – 201305
Telephone: 0120-2567268/69/70 Email: dc@nsez.gov.in
Website: www.nsez.gov.in

दिनांक .12.2022

सेवा में,

कार्यालय के सभी सहायक विकास आयुक्त/उपायुक्त (सीमाशुल्क)|

**विषय : कार्यालय मे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक – कार्यवृत जारी करना |**

अधोहस्ताक्षरी को इसके साथ कार्यालय मे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 30.11.2022 को हुई बैठक का कार्यवृत भेजने का निर्देश हुआ है|

सभी अधिकारी/अनुभाग से अनुरोध है कि इस समुचित कार्यवाही कर कृत कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत करें |

,भवदीय

सलग्नक: यथोक्त |

किरण मोहन मोहाडीकर
उप विकास आयुक्त

सूचनार्थ:

निदेशक राजभाषा
वाणिज्य विभाग (हिंदी अनुभाग)
वाणिज्य विभाग, उद्योग भवन,
नई दिल्ली – 11

# नौएडा एस० ई० जेड० के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 30.11.2022 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त ।

विकास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता एवं श्री वी.के. सिंह, उप सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग, नई दिल्ली की उपस्थिति में कार्यालय मे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 30.11.2022 को आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों के नाम नीचे सलग्रक में इंगित है।

2. सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय ने उपस्थित सदस्यों बताया कि कार्यालय मे हिंदी पखवाडा दिनांक 14 30से सितम्बर 2022 के बीच मनाया गया कार्यालय मे अलग - अलग 7 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, प्रतियोगिताओं में कार्यालय के सभी अधिकारियोंकर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया / प्रतियोगिताओ के पश्चात् 32 विजेता अधिकारियों/ कर्मचारियों को रु. 1,20 ,950/- की पुरुष्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यालय मे नोटिस बोर्ड पर प्रतिदिन हिन्दी में एक नया शब्द चस्पा करता है। यह सुनिश्चित करने के लिए एक अनूठी पहल है कि कर्मचारी अपनी शब्दावली विकसित करें। इस दौरान अनुमोदन समिति की 20बैठकें हुईं हैं। इन बैठकों के सभी कार्यवृत्तों का हिन्दी में अनुवाद किया गया है, इन अनुवादों के शब्द भी अगली रिपोर्ट में सम्मिलित किये जायेंगे। इस कार्यालय ने "प्रेरणा" नामक अपने हिंदी पत्रिका के दूसरे संस्करण के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह अगली तिमाही में प्रकाशित होने की संभावना है।

3.अध्यक्ष महोदय की अनुमति से श्री किरण मोहन मोहाडिकर, उप विकास आयुक्त, राजभाषा अधिकारी ने कार्यालय के अधिकारियों / कर्मचारियों को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्यवाही से अवगत कराया गया। समिति को बताया गया कि पिछली बैठक में

अध्यक्ष महोदय ने लेखा अनुभाग, सम्पदा अनुभाग और ईओयू को नोटिंग और पत्राचार में हिंदी को बढावा देने हेतु आदेश दिया था। जिसमे कि पिछली तिमाही के अनुरूप बढ़ोत्तरी देखी गयी। कार्यालय ने हिंदी को बढ़ावा देने हेतु इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मदद ली तथा जो द्विभाषी कार्य किए जा रहे है उनको भी शत प्रतिशत हिंदी में करने का पूर्ण प्रयास किया गया। एवं कार्यालय के सभी कंप्यूटर मे हिंदी यूनिकोड फॉन्ट लगा दिया गया है।

4. श्री वी.के. सिंह, उप सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग, नई दिल्ली ने कार्यालय के अधिकारियों / कर्मचारियों से अनुरोध करते हुए कहा कि प्रत्येक तिमाही मे कार्यालय मे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की एक बैठक होना अनिवार्य है एवं नराकास मे प्रत्येक वर्ष 2 बैठकों का आयोजन किया जाता है , नराकास की बैठक की उपस्थिति हेतु विकास आयुक्त महोदय को भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया।

5. उप सचिव महोदय ने बताया कि इस कार्यालय के अधिकारियो/कर्मचारियों की संख्या 80 से ज्यादा है, इस हेतु वरिष्ट हिंदी राजभाषा अधिकारी और कनिष्ठ हिंदी अनुवादक, पद के नियुक्ति के लिए प्रस्ताव प्रकाशित किया जा सकता है।

6. उप सचिव महोदय ने यह ज्ञात कराया कि राजभाषा नियम, 1976 के नियम 10 के अनुसार यदि केन्द्रीय सरकार के किसी कार्यालय में कार्य करने वाले कर्मचारियों में से 80% प्रतिशत ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, तो उन कार्यालयों के नाम राजपत्र में अधिसूचित किए जाते है।

राजभाषा नियम, 1976 के नियम 8 के अनुसार सभी अधिकारियो/कर्मचारियों को हिंदी में टिप्पण, प्रारूपण आदि करने के लिए विनिर्दिष्ट किया जाता है। नौएडा एस० ई० जेड० ने इस दिशा में प्रयास करना चाहिए।

7. एस.ई.जेड के आस पास के सरकारी स्कूल मे जाकर अध्यापकों/बच्चों को अधिक से अधिक कार्य हिंदी मे करने हेतु जाग्रत करने हेतु उनकी आवश्यकता

अनुसार किताबे बाटी जा सकती है| इसके अतिरिक्त कार्यालय लाइब्रेरी हेतु कोई भी पुस्तक खरीद सकते है जेसे – नोबेल, कहानी एवं एस.ई.जेड नियम से सम्बंधित| पुस्तकों की खरीद मे लगभग 50% हिंदी पुस्तकों की होनी चाहिए| ये सुनिश्चित करे के अपनी रिपोर्ट समय से पहले सम्बंधित विभाग को भेज दी जाये क्योंकि देरी करने पर अंको की कटौती भी हो सकती है| साथ ही प्रति वर्ष 4 एक दिवसीय कार्यशालाओ का आयोजन कर अधिकारियो/कर्मचारियों प्रशिक्षित करे, 26.07.2022 और 30.11.2022 की राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैठको को तिमाही रिपोर्ट में 7 (क) में लिखना सुनिश्चित करे|

8. कार्यालय मे अधिकारियों/कर्मचारियों की नाम प्लेट, रबर स्टाम्प, सर्विस पुस्तिका, फाईलों के कवर सभी द्विभाषीय होने चाहिए एवं नौएडा विशेष आर्थिक क्षेत्र की वेबसाइट को इस तरह से अपडेट करने हेतु कहा जिससे कि वेबसाइट खोलते समय हिंदी मे खुले, यदि हमको अंग्रेजी की आवश्कता हो तो अंग्रेजी के आइकन पर क्लिक करने के पश्चात् ही अंग्रेजी मे खुले|

9. अध्यक्ष महोदय ने कार्यालय में जुलाई से सितम्बर 2022 तिमाही के दौरान हिंदी में कामकाज की समीक्षा करते हुए आदेश दिया कि आपका हिंदी कार्य का प्रतिशत काफी अच्छा रहा एवं यह सराहनीय है|

10. अध्यक्ष महोदय ने प्रत्येक अधिकारियों / कर्मचारियों को ज्यादा से ज्यादा हिंदी में कार्य करने के लिए आदेश दिए गए इसलिए हम सबको सम्पूर्ण रूप से हिंदी राजभाषा का उपयोग करना चाहिए ताकि कार्यालय का वार्षिक लक्ष्य वर्ष 2022-23 को पूर्ण किया जा सकें।

11. बैठक सम्पूर्ण होने के बाद अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के पश्चात सम्पन्न हुई।

**************

## दिनांक 30.11.2022 में हुई बैठक में उपस्थित होने वाले अधिकारियों की सूची |

1. श्री ए. बिपिन मेनन, विकास आयुक्त |
2. श्री वी.के. सिंह, उप सचिव, वाणिज्य विभाग|
3. श्री सुरेन्द्र मलिक, सयुंक्त विकास आयुक्त|
4. श्री अमित गुप्ता, सीमा शुल्क उपायुक्त |
5. श्री नितिन गुप्ता, उप विकास आयुक्त|
6. श्री राजेश कुमार, उप विकास आयुक्त|
7. श्री किरण मोहन मोहाडीकर, उप विकास आयुक्त|
8. श्री आर.के.शर्मा, सहायक विकास आयुक्त|
9. श्री प्रकाश चन्द उपाध्याय, सहायक विकास आयुक्त|
10. श्री राजेन्द्र मोहन कश्यप, सहायक विकास आयुक्त|

******